# समस्या आपकी सहयोग हमारा

# (अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम द्वारा प्रदत्त सहयोग)

## THA Ghaziabad Unit: 08.09.2025

हमें सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि हमारे कार्यकारी अध्यक्ष श्री अभिषेक जैन द्वारा एक के जैन परिवार का जो मेडिकल ट्रेड एवं पब्लिक पब्लिशिंग हाउस चलते हैं उन्हें Rs.2.50 cr. की ओवरड्राफ्ट लिमिट बिजनेस लोन के रूप में अगस्त 2025 में स्वीकृत कराकर उसका डिसबर्समेंट भी अगस्त माह में ही किया गया किया गया। जैन परिवार को इस प्रकार का सहयोग करने के लिए हम श्री अभिषेक जैन जी का हार्दिक धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हैं।

## THA Ghaziabad Unit: 08.09.2025

हमें सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि हमारे कार्यकारी अध्यक्ष श्री अभिषेक जैन जी द्वारा जुलाई माह में एक जैन लड़की कुमारी दृष्टि जैन का मैनेजर हेल्प के रूप में कोटक महिंद्रा में नियुक्ति कराई। साथ ही एक और जैन लड़की कुमारी श्रुति जैन का भी क्रेडिट एसोसिएट के रूप में अगस्त माह में नियुक्ति कोटक महिंद्रा बैंक में कराई गई। जैन परिवारों के बच्चों को रोजगार उपलब्ध कराने में सहयोग करने के लिए हम अपने कार्यकारी अध्यक्ष श्री अभिषेक जैन जी का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं।

## THA Ghaziabad Unit & Meerut Unit: 08.09.2025

हमारे पास वैशाली क्षेत्र से एक जैन समाज के सदस्य की रिक्वेस्ट आई कि उनका पंजाब नेशनल बैंक बड़ौत में खाता है जो की डॉर्मेंट एवं इनॉपरेटिव हो गया है उसे वह बंद करना चाहते हैं परंतु शाखा कह रही है कि यहीं पर आकर आपको रिक्वेस्ट देनी होगी एवं केवाईसी पूरे करने होंगे तभी खाता बंद होगा परंतु उनके लिए वहां जा पाना संभव नहीं हो पा रहा था पिछले 6 महीने से परेशान थे। संबंधित खाते की डिटेल एवं रिक्वेस्ट लेटर व्हाट्सएप के माध्यम से हमारे द्वारा मेरठ शाखा के सचिव श्री सुधीर कुमार जैन जी के पास भेजा गया और उन्होंने प्रयास कर यहीं बैठे उनका खाता बंद भी करवा दिया और सारा बैलेंस उनके डिपॉजिट खाता जो वैशाली में था उसमें ट्रांसफर भी करा दिया। इस कार्य के लिए हम श्री सुधीर कुमार जैन सचिव मेरठ शाखा का हृदय से हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं ।

## Jaipur Central Unit: 10.09.2025

श्री कमल कुमार जैन शहर से 200 किमी.दूर एक गांव से आकर सागांनेर जयपुर, मे मकान तो 2-3 वर्ष पूर्व बना कर रहने लग गये। किन्तु किसी भी बैंक में लोकर नहीं मिलने के कारण कीमती सामान रखने की जोखिम बैचेन कर रही थी।अंत में उन्होनें हमसे संपर्क कर लाकर दिलाने का निवेदन किया। हमने आस पास के बैंक में पता किया तो कोई लाकर खाली नही होने की जानकारी मिली। हमने शाखाप्रबंधक से संपर्क कर Deceased account holder का लाकर खाली होने पर व लाक बदलवा कर प्राथमिकता पर श्री कमल कुमार जैन को लाकर अगस्त 25, माह में दिलवा दिया। हालांकि 4-5 बार बैंक जाना पडा किन्तु काम हो गया।

इसी प्रकार से श्रीमती बीना जैन के आई डी में पता उसके गांव 180 किमी दूर का लिखा होने से बैंक में खाता नहीं खुल रहा था और उसकी एक भारी नकद राशि घर पर पडी होने से सदैव असुरक्षित महसूस करती थी और ब्याज का भी नुकसान हो रहा था।हमने आर बी आई के परिपत्र जो वर्ष 2015 में जारी हुआ था उसका संदर्भ दे कर बीना जैन का खाता अगस्त 2025 में खुलवा दिया। बाद में उसकी सावधि जमा करवा दी। जिससे उसको ब्याज का भी लाभ मिल रहा है।

## Agra Unit: 01.09.2025

Our Unit assisted in settling the claim of PPF account of Smt. Anjali Jain (deceased) resident of Indirapuram, Ghaziabad with balance Rs 2.17 lac. The account was with Central Bank of India, Nehru Place branch, New Delhi. Our Unit President Sri Rajiv Kumar Jain was instrumental in settling the claim.

## Jaipur Central Unit: 31.08.2025

हमारे संज्ञान में दिसम्बर 2024 में एक एसा मामला आया जिसमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना अंर्तगत प्रतिवर्ष रू6000/- मिलने वाली सब्सिडी गत 5 वर्षों से नही मिल रही थी। इस प्रकार से उसको वर्ष 2020 से प्रतिवर्ष रू6000/- का आर्थिक नुकसान हो रहा था। इस संबंध में हमने कृषि विभाग से संपर्क किया व रिकार्ड दुरुस्त करवाया। फिर भी खाते में सब्सिडी नहीं आयी। बैंक से संपर्क कर खाते में आधार कार्ड लिंक के बारे में पूछताछ करने पर बताया गया कि आधार नंबर सहित खाते में सभी आवश्यक सूचनायें दर्ज है। बैंक प्रबंधक नें भी आगे कोई मदद करने से इंकार कर दिया।

हमने फिर स्थानीय प्रशासन से संपर्क किया किंतु कोई लाभ नहीं मिला। अंत में हमने तहसीलदार व भूलेखाधिकारी से संपर्क कर सारे रिकार्ड की जांच करवाई। जांच में पता चला कि बैंक स्तर पर गडबड हैं। हमनें पुनः बैंक से संपर्क किया व उनके सारे रिकार्ड व सिस्टम की जाच करवाई तो पता चला कि खाते में आधार नंबर तो डला हुआ है किंतु खाते को आधार से लिंक नहीं कर रखा था। आधार लिंक नहीं होने से PM KISHAN SAMMAN SCHEME का सेंट्रल कम्प्यूटर (उनका सिस्टम) इस खाते को पकड नहीं रहा था। अंत में बैंक रिकार्ड दुरुस्त करवा कर उनको वर्ष 2020 से मार्च 2025 तक की 5 वर्षों की सब्सिडी 6000×5 =₹30000/- तथा इस वर्ष की प्रथम किस्त के ₹2000/- का सहित कुल रू 32000/- का भुगतान अगस्त 25 में करवा दिया गया है। एक आर्थिक रूप से कमजोर परिवार को बैंकर्स फोरम की मदद से रू32000/- का लाभ मिल गया और आगे भी प्रतिवर्ष लाभ मिलता रहेगा। उस व्यक्ति नें बैंकर्स फोरम को काफी दुआयें दी है। (बैंक की गलती से लाभान्वित को बेवजह परेशानी उठानी पडी।)

## Aligarh Unit: 27.08.2025

We assisted in settling a deceased account of Smt. Urmila Jain with balance Rs 2.25 lac, near Teeka Ram temple Aligarh in SBI Aligarh. Sri Atul Jain President Aligarh unit was helpful in settling this account.

## THA Ghaziabad Unit: 23.08.2025

हमें गाजियाबाद क्षेत्र के लोनी कस्बे से एक बच्चे की बीसीए करने के लिए स्कॉलरशिप के लिए एप्लीकेशन आई थी जिसकी फीस लगभग ₹60000/- थी परंतु ट्रस्ट के नियमों के अनुसार हम उन्हें केवल ₹40000 का ही भुगतान कर सकते थे परंतु परिवार की स्थिति अत्यधिक कमजोर होने के कारण वह परिवार उसकी बाकी फीस का अरेंजमेंट नहीं कर पा रहा था इसके लिए हमारी ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा के कुछ सदस्य द्वारा निम्न राशि व्यक्तिगत रूप से एकत्रित करके उन्हें प्रदान की :

Rs.2500/- श्री विशाल चंद जैन अध्यक्ष
Rs. 2500/- श्री जेके जैन संरक्षक
Rs. 2500/- श्री श्रेयांश कुमार जैन उपाध्यक्ष
Rs.10000/- समाज के अन्य सदस्य से एकत्रित करके
कुल 17500 की राशि उन्हें फीस जमा करने के लिए प्रदान की ।
इन सभी सदस्यों का बच्ची की पढ़ाई के लिए आर्थिक सहयोग करने के लिए हम हृदय से आभार करते हैं।

## Ujjain Unit: 16.08.2025

उज्जैन में बोर्डिंग मंदिर में काम करने वाले व्यास राकेश के पुत्र भावेश की श्वास नली की सर्जरी के लिए जैन बैंक फोरम उज्जैन के सदस्यों द्वारा रु 5200/ एवं अन्य समाज जनों से के सहयोग से
रु 30000 की राशि एकत्रित कर प्रदान की गई एवं उनकी नाक का ऑपरेशन भी सफलतापूर्वक हो गया। इस कार्य में जैन बैंक फोरम उज्जैन के उपाध्यक्ष हीरालाल बिलाला जी का विशेष सहयोग रहा।

अध्यक्ष राकेश कुमार जैन सचिव विमलेश जैन

## THA Ghaziabad Unit: 16.08.2025

हमें वैशाली क्षेत्र के जैन परिवार से उनकी छात्रा के लिए एजुकेशन लोन करने के लिए रिक्वेस्ट प्राप्त हुई हमें सूचित करते हैं प्रसन्नता है कि हमारे संरक्षक श्री जेके जैन द्वारा प्रयास करके उस छात्रा को भारतीय स्टेट बैंक से Rs.37.4 lacs का शिक्षा ऋण करने में सफल रहे। इसके लिए हम अपने संरक्षक श्री जै की जैन जी का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं।

## Ghaziabad Unit: 12.08.2025

**Helping the Jain Community**

The proprietor of Rishab Traders Mr D K Jain known to me for 25 years approached me about a refund of Rs3755/ penalty wrongly levied in their cash credit account by RBL bank for delay in submission of insurance policy for stocks hypothecated to the Bank.
A complaint letter was drafted by me and was sent to MD&CEO by Mr D K Jain.
The Bank expressed sorry and refunded the entire amount of penalty wrongly levied.
The concerned Bank staff also regretted Mr D K Jain over telephone.
Mr Jain expressed satisfaction in the matter.
S K Jain President Ghaziabad Unit

## Gurgaon Unit: 27.07.2025

दिनांक 20 जुलाई 2025 को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जैकबपुरा, गुरुग्राम में कैरियर काउंसलिंग के पश्चात विद्यालय के प्रिंसिपल से चर्चा के दौरान उन्होंने बताया कि स्कूल का जनरेटर खराब हो रहा है इसलिए पावर जाने पर बच्चों को उष्णता का सामना करना पड़ता है, जिससे अध्ययन प्रभावित होता है।

फोरम के वरिष्ठ संरक्षक श्री पी के जैन द्वारा पूंछे जाने पर बताया गया कि जनरेटर रिपेयर में लगभग 20000 का खर्च आयेगा। फोरम के निम्न सदस्यों ने उक्त कार्य हेतु तुरंत दान राशि समर्पित की।

श्री पी के जैन 7000
श्री सोम प्रकाश जैन 7000
श्री महेश सिंगल 6000
श्रीमति प्रभा रानी जैन 5000
वांछित दान राशि कल स्कूल तक पहुंचा दी गई है।

## Agra Unit: 26.07.2025

अ. भा. जैन बैंकर्स फोरम, आगरा द्वारा जैन समाज के एक जैन परिवार के जीवन यापन हेतु, श्रीमती सोनिया जैन पत्नी स्वर्गीय श्री कुलदीप जैन निवासी आगरा, जिनके परिवार में दो लड़कियां क्रमश: 12 वर्ष व 8 वर्ष तथा एक लड़का 5 वर्ष हैं, के लिए एक सिलाई मशीन दान स्वरूप दी गई। इस हेतु दिनांक 02 जुलाई, 2025 को फोरम के अध्यक्ष श्री राजीव जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री कमल कुमार जैन, उपाध्यक्ष श्री सत्येंद्र कुमार जैन तथा मंत्री श्री महेश जैन के अतिरिक्त श्री अवनि कुमार जैन राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्री अवधेश कुमार जैन संयोजक, श्री राकेश मोहन जैन, श्री अनिल कुमार जैन संयोजक ने लाभार्थी के घर जाकर उक्त सिलाई मशीन भेंट की। लाभार्थी के पति का गत वर्ष केंसर की वजह से निधन हो गया था।

## THA Ghaziabad Unit: 09.07.2025

श्री दुष्यंत कुमार जैन जो कि कॉरपोरेशन बैंक से उप महा प्रबंधक के पद से रिटायर्ड है की पुत्रवधू जो कि ऑस्ट्रेलियन सिटीजन है, के दो खाते एक पंजाब नेशनल बैंक मुंबई में एवं दूसरा कोटक महिंद्रा बैंक बेंगलुरु में था दोनों ही खाते डोरमेंट हो चुके थे उनको बंद करने के संबंध में हमें रिक्वेस्ट प्राप्त हुई। हमें सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि पंजाब नेशनल वाले बचत खाते को बिना मुंबई जाए यहीं पर बैठे हुए उनका खाता श्री सुधीर कुमार जैन जो मेरठ शाखा के सचिव है के प्रयासों से हम उनका खाता बंद करने में सफल रहे। कोटक महिंद्रा के खाते के संबंध में हमारे कार्यकारी अध्यक्ष श्री अभिषेक जैन जी के प्रयासों से उस खाते का भी यहीं बैठे समाधान कर दिया गया उस खाते को सक्रिय भी कर दिया गया साथ ही उस खाते से राशि उनके वहां के खाते में स्थानांतरित कर उसे एन आर ओ खाते में कन्वर्ट कर दिया गया। इन दोनों कार्यों को यहीं बैठे उन्हें बंद करने एवं सक्रिय करने के लिए हम श्री सुधीर कुमार जैन पंजाब बैंक सचिव मेरठ शाखा एवं अपने कार्यकारी अध्यक्ष श्री अभिषेक जैन सीनियर वाइस प्रेसिडेंट कोटक महिंद्रा बैंक का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं।

## Jhansi Unit: 05.06.2025

कुछ दिन पूर्व श्री सुनील जैन जी मेरे पास आए। वे थोड़े चिंतित थे क्योंकि उनकी माताजी की पेंशन कुछ समय से नहीं आ रही थी। जब विवरण देखा गया, तो पाया कि आधार NPCI सर्वर से लिंक नहीं था, इसी कारण पेंशन अटक गई थी। तुरंत उनका आधार NPCI से लिंक करवा दिया गया। आज सुबह मंदिर में मिले तो उन्होंने मुस्कुराकर धन्यवाद कहा और बताया कि अब उनकी माताजी की पेंशन आ चुकी है। ऐसे अनुभव यह एहसास दिलाते हैं कि समाज के लिए किया गया एक छोटा सा प्रयास भी किसी के जीवन में सच्चा सुकून ला सकता है।

रोनक जैन सचिव, जैन बैंकर्स फोरम, यूनिट-झाँसी

## Ghaziabad Unit: 14.05.2025

We feel pleasure to inform you that Akhil Bhartiya Jain Bankers Forum Ghaziabad unit has assisted a Jain student for Educational loan for MBA higher studies from IMT Ghaziabad. A loan amount of Rs.31.34 lacs sanctioned to him by Central Bank of India with our guidance. A financial help of 18000/- was provided to a class 10th Jain student by Tirthankar Adinath Educational Trust through our Ghaziabad unit.

**THA Ghaziabad Unit: 06.05.2025** खेकड़ा क्षेत्र के एक जैन प्रमोटर कंपनी को श्री अभिषेक जैन, हमारी शाखा के कार्यकारी अध्यक्ष के प्रयासों से 10 cr का लोन प्राइवेट बैंक से स्वीकृत कराने में सहयोग प्रदान किया जिसके लिए हम श्री अभिषेक जैन जी का हृदय से आभार व्यक्त करते है।

## ABJBF Central Unit: 04.05.2025

हमारे पास बैंक ऑफ इंडिया की स्केल-II अधिकारी जिसका झाँसी से रिमोट एरिया मैं ट्रांसफर कर दिया गया था उसके 06 महीना बाद वहां से भी दूसरे zone मैं कर दिया गया। पति की पोस्टिंग झाँसी मैं थी। बहुत छोटा बच्चा साथ में होने के कारण दोनों ही बहुत परेसानी में थे। उनका केस हमारे पास आया। हमे बताते हुए प्रसन्नता है कि हमारे राष्ट्रीय संरक्षक श्री आर सी लोढा जी के त्वरित प्रयासों से उनका ट्रांसफर पुनः कानपुर जोन मै करा पाने में सफल रहे। इसके लिए हम हृदय की गहराईयों से आदरणीय श्री लोढा जी का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते है। साथ ही झाँसी की उस अधिकारी को बधाई देते है।इन सभी कार्यों से हम अपने वरिष्ठतम अधिकारीयों के सहयोग से जैन बैंकर्स फोरम के गठन को सार्थकता प्रदान कर रहे हैं। पुनः आदरणीय श्री लोढा जी का बहुत बहुत आभार।

जे के जैन — सोम प्रकाश जैन
राष्ट्रीय अध्यक्ष — राष्ट्रीय महासचिव

## Agra Unit: 24.04.2025

जैन बैंकर्स फोरम, आगरा को एक जैन परिवार जो कि आवास विकास कॉलोनी सिकंदरा, आगरा का निवासी है एवं आर्थिक रुप से समृद्ध परिवार नहीं है, से एक अनुरोध प्राप्त हुआ कि वह अपने बच्चे की स्कूल की पढ़ाई के लिए किताबों वगैरा का प्रबंध नहीं कर पा रहा है। कृपया फोरम की ओर से हमें आर्थिक सहयोग करवाने की व्यवस्था करें। जैसे ही यह मामला संज्ञान में आया तुरंत अध्यक्ष महोदय एवं अन्य पदाधिकारियों से बात की गई एवं इस हेतु आवश्यक सहयोग किये जाने पर सहमति हुई। हमें सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि हमारी शाखा के अध्यक्ष श्री राजीव जैन के द्वारा उन्हें 5000/- रुपए की राशि स्कूल की किताबें आदि खरीदने के लिए अपनी ओर से प्रदान करने की सहमति दी गई तुरंत उक्त परिवार को यह राशि प्रदान की गई। इस पुनीत परोपकारी कार्य में सहयोग के लिए हम जैन बैंकर्स फोरम की ओर से अध्यक्ष श्री राजीव जैन जी का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं एवं भविष्य में भी इसी तरह सभी सदस्यों से सहयोग की अपेक्षा करते हैं।

महेश चंद जैन,महामंत्री

## THA Ghaziabad Unit: 01.04.2025

अनुंजय जैन पुत्र श्री अजय कुमार जैन (इंडियन बैंक से रिटायर्ड) निवासी आगरा का भारतीय स्टेट बैंक में स्पेशलिस्ट ऑफिसर के पद पर इंटरव्यू जनवरी में हुआ था। जिसमें सहयोग के लिए श्री अजय जी ने श्री सुखसागर जैन से अपील की थी। श्री सुखसागर जैन ने इंटरव्यू में अपने स्तर पर प्रयास किया एवं विशेष रूप से प्रयास महासचिव श्री जे के जैन साहब के द्वारा किया गया। अजय कुमार जी ने सूचित किया है कि उनके बेटे का सिलेक्शन स्पेशलिस्ट ऑफिसर के पद पर हो गया है। इस इंटरव्यू के अंतर्गत हमारे अनुरोध पर श्री मदन कुमार जी जैन रिटायर्ड प्रेसिडेंट SBIOA भोपाल सर्कल के विशेष प्रयासों से यह सब कुछ संभव हो सका जिसके लिए हम हृदय से उनका आभार व्यक्त करते हैं।

## Gurgaon Unit: 05.03.2025

अलवर में श्री डी सी जैन जी सह सचिव गुड़गांव यूनिट के एक मित्र हैं श्री रमेश जी गुप्ता (from SBBJ)। श्री रमेश जी के दामाद श्री पीयूष गुप्ता जी जो IDBI Bank में ऑफिसर हैं। बैंक ने उन पर चार्ज लगाया था कि औरंगाबाद Back ऑफिस में डेस्क ऑफिसर पोस्टिंग के दौरान एक लोन अकाउंट खोलते समय उन्होंने कोलेटरल डिटेल फीड करते समय तीन में से एक प्रॉपर्टी फीड करने से छोड़ दी, जिससे एक प्रोपर्टी पर बैंक का equitable मॉर्टगेज नहीं हो सका तथा बैंक को नुकसान हुआ। * इस केस की चार्ज शीट का जवाब श्री डी सी जैन द्वारा ड्राफ्ट किया गया था। जवाब से संतुष्ट न होते हुए बैंक ने इसे ग्रॉस misconduct मानते हुए punish कर दिया और एक साल के लिए without cumulative एक इंक्रीमेंट कम कर दिया। श्री डी सी जैन जी ने उसके विरुद्ध अपील तैयार की क्योंकि अकाउंट reschedule हो चुका था तथा बैंक को कोई फाइनेंशियल लॉस भी नहीं हुआ था। अपील reconsider हुई और बैंक ने चार्ज से exonerated करते हुए punishment को withdraw किया। गुड़गांव यूनिट के सह सचिव श्री डी सी जैन जी द्वारा एक बैंकर की अनुशासनात्मक कार्रवाई मे की गई सहायता का बहुत ही सराहनीय कार्य किया। जिस के लिए उन्हे बहुत-बहुत धन्यवाद आभार।

## THA Ghaziabad Unit: 29.01.2025

अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा के मेम्बर श्री अभीक जैन जी की मदर का मुजफ्फरनगर एसबीआई शाखा में अकाउंट पर stop लगा हुआ था काफ़ी प्रयास करने के बाद भी वो हट नहीं रहा था।बैंक वालो का कहना था की आपको ब्रांच विजिट करनी पड़ेगी। परंतु श्री अंकित जी और सुबोध जैन जी के एक फ़ोन से ये काम घर बैठे ही हो गया। उनके इस प्रयास की सराहना करते है एवं हृदय से उनका आभार व्यक्त करते हैं।

## THA Ghaziabad Unit: 25.01.2025

श्री रौनक जैन सुपुत्र श्री प्रीतम जैन अजमेर निवासी जो दिल्ली के प्राइम इंस्टीट्यूट AIIMS से न्यूक्लियर मेडिसिन में पोस्ट ग्रेजुएशन कोर्स कर रहा है इस इंस्टिट्यूट में अभी उसे हॉस्टल फैसिलिटी उपलब्ध नहीं हो पाई है। श्री रौनक जैन एक गरीब जैन परिवार से संबंध रखता है एवं वह वहां के आसपास के किराए को अफोर्ड नहीं कर पा रहा था इसलिए उसके द्वारा हमसे अनुरोध किया गया कि निकटवर्ती क्षेत्र में यदि कोई जैन हॉस्टल उपलब्ध है तो उसमें उसका रहने का अरेंजमेंट कर दिया जाए। गांधीनगर दिल्ली जैन समाज द्वारा संचालित वासपूज्य जैन हॉस्टल में हमारे संरक्षक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेके जैन द्वारा संपर्क किया गया एवं हमें यह बताते हुए प्रसन्नता है कि रौनक जैन को रहने के लिए इस जैन हॉस्टल में एक कमरा मात्र ₹2000 प्रति माह किराया पर उपलब्ध करा दिया है। इस कार्य के लिए रौनक जैन द्वारा आभार व्यक्त किया है।

## THA Ghaziabad Unit: 01.01.2025

ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा के संरक्षक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेके जैन जी द्वारा एक जैन परिवार की बच्ची को CS कोचिंग के लिए ₹10000 की सहयोग राशि प्रदान की। हम उनके इस पुनीत कार्य के लिए हृदय से आभार व्यक्त करते हैं।

अंकित जैन, सचिव

## Gurgaon Unit: 25.11.2024

Following two educational loans were facilitated Sri P K Jain Retd. GM for Jain students from UCO Bank in Sep 24,

1)Akshat Jain
Rs250 lakhs
2)Aniket Jain
Rs250 lakhs

He was not aware that these matters have to be reported in National Executive Committee group. Hence a bit delay

## ABJBF Central Unit: 10.11.2024

हमारे पास एक रानी बाग दिल्ली से कैंसर पेशेंट जो राजीव गांधी कैंसर हॉस्पिटल रोहिणी में एडमिट है उनके लिए सहयोग के लिए मैसेज हमें प्राप्त हुआ था। उसके बारे में हमारे द्वारा पूर्ण जानकारी प्राप्त की एवं ०४.११.२४ को हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेके जैन जी एवं ट्रांस हिंडन गाजियाबाद के कोषाध्यक्ष श्री निर्मल जैन जी उनके बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए राजीव गांधी हॉस्पिटल रोहिणी दिल्ली में विजिट किया जहां पता चला कि उनको एक सप्ताह के लिए अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। संपर्क स्थापित करने पर पता चला कि वह एक सप्ताह के लिए अपने निवास रानी बाग दिल्ली में ही है। वहां से दोनों ही पदाधिकारीगण उनके निवास रानी बाग पर विजिट किया एवं उनके परिवार सदस्यों से एवं पेशेंट से भी मुलाकात की। जानकारी प्राप्त करने के बाद पता चला कि पेशेंट अभिषेक जैन जिनकी आयु मात्र 44 साल है जो कि एक मैकेनिकल इंजीनियर है एवं बड़ौदा में कार्यरत हैं अचानक उनकी तबीयत खराब हुई और उन्हें बड़ौदा के अस्पताल में ही दाखिल किया गया परंतु वहां बीमारी बढ़ जाने से उन्हें दिल्ली लाकर राजीव गांधी हॉस्पिटल एडमिट किया गया जहां उन्हें ब्लड कैंसर डायग्नोज किया गया। पिछले काफी समय से वह राजीव गांधी हॉस्पिटल में ही एडमिट थे वहीं उनकी कीमोग्राफी एवं अन्य ट्रीटमेंट हुआ। जिसके लिए अभी तक पेशेंट के परिवारजन के लगभग 12 लाख रुपये कीमोग्राफी एवं अन्य इलाज में खर्च हो चुके हैं।

अस्पताल द्वारा उन्हें पूरी बीमारी के खर्च के लिए लगभग 35 लाख के खर्चे का एस्टीमेट दिया गया है। परिवार से बात करने पर पता चला कि वह अब तक 12 लाख रुपए का खर्चा अपने पास से कर चुके हैं और आगे भी लगभग ₹800000 का खर्च वह अपने पास से कर सकते हैं। ०५.११.२४ को उनकी राजीव गांधी हॉस्पिटल में ही बोनमैरो टेस्ट हुआ एवं उसके बाद एक सप्ताह के अंतर्गत बोनमैरो ट्रांसप्लांट हुआ। इस सभी में लगभग 22 से 23 लाख रुपए का खर्चा आना था जिसके लिए वह 15 लाख रुपए की सहायता वे समाज के द्वारा चाहते हैं। बातचीत करने पर यह पाया गया कि यह एक जेनुइन कैस हैं और उन्हें वास्तव में सहयोग की आवश्यकता है।

अतः हमने अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम की विभिन्न शाखों के अध्यक्ष एवं मंत्रियों से अनुरोध किया कि वह अपनी शाखा के स्तर पर शाखा सदस्यों से सहयोग राशि प्राप्त कर केंद्रीय ग्रुप के खाते में वह पैसा स्थानांतरित करें ताकि एक साथ राशि उनको उनके खाते में सहयोग के रूप में भेजी जा सके। हमें सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि केंद्रीय कमेटी के आह्वान पर कैंसर पेशेंट अभिषेक जैन के इलाज के लिए मात्र 3 दिन के अंतर्गत Rs.4,07,604 की राशि निम्न शाखाओ से उनके आगे दिखाई गई राशि प्राप्त

हुई है जिसके लिए हम सभी शाखा सदस्यों का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं कि उन्होंने एक जैन कैंसर पेशेंट की जीवन की रक्षा के लिए इतनी बड़ी राशि का सहयोग प्रदान किया यह अपने आप में अतुल्यनिय एवं मानव सेवा के लिए एक अद्भुत उदाहरण है:

Rs.150000/- गुरुग्राम शाखा

Rs.100301/- ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा

Rs. 39603/- आगरा शाखा

Rs. 30000/- अलीगढ़ शाखा

Rs. 22600/- गाजियाबाद शाखा

Rs. 22000/- मुजफ्फरनगर शाखा

Rs. 22000/- दिल्ली वेस्ट शाखा

Rs. 11000/- भोपाल शाखा

Rs. 5100/- नोएडा शाखा

Rs. 5000/- Baran राजस्थान शाखा

Rs.407604/- Total Collection

हमें सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि हमारे द्वारा जो जैन बैंकर्स फोरम की ओर से एक लक्ष्य रखा गया था उस लक्ष्य से भी कहीं अधिक राशि हमें मात्र तीन या चार दिन में अपनी शाखाओ के माध्यम से प्राप्त हो चुकी है जिसके लिए सभी शाखाओ के उन सभी सदस्यगण जिन्होंने इस पुनीत कार्य में अपना सहयोग देने में अपनी रुचि दिखाई का हृदय के अंतिम कोर से आभार व्यक्त करते हैं। वास्तव में इसी प्रकार की भावनाएं हमें आचार्य श्री के द्वारा दर्शय मार्ग को प्रशस्त्र करने की प्रेरणा प्राप्त होती है । मानव सेवा के लिए किए गए आप द्वारा सहयोग की मैं पुन: बार-बार प्रशंसा करता हूं एवं आभार व्यक्त करता हूं ।

जेके जैन सोम प्रकाश जैन
राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय महासचिव

## Gurgaon Unit: 08.10.2024

आचार्य श्री 108 ज्ञान सागर जी मुनिराज के इसी उद्देश्य के दृष्टिगत, कि हम लोगों के लिये उपकार हेतु क्या कर रहे हैं, को ध्यान में रखते हुए व्यक्तिगत श्रमसाध्य करते हुए हमारी शाखा के परम सरंक्षक और सेंट्रल कमेटी के महासचिव श्री सोम प्रकाश जैन ने एक उत्कृष्ट कार्य किया है। आप ने श्री सतीश कुमार जी बंसल, रिटायर्ड चीफ इंजीनियर, पी डब्ल्यू डी, हरियाणा के देहांत के बाद उनकी पत्नी रेखा बंसल जी को ICICI Bank, सेक्टर 31 की शाखा से 25 लाख से अधिक की राशि Deceased अकाउंट से सेटल कराने में उनकी सहायता की। उनका अकाउंट Either or Serviver था फिर भी ICICI बैंक उनसे डिस्क्लेमर की मांग कर रहा था। उनकी विवाहित पुत्रियों के हस्ताक्षर की मांग की जा रही थी। श्री सोम प्रकाश जैन ने बैंक प्रबंधन को डिस्क्लेमर के बिना भुगतान करने के लिए insist किया तथा सहमत कराने में सफल हुए। पूरी यूनिट उनके इस पुनीत कार्य की भूरी भूरी प्रशंसा करती है। आपने औरों के लिये भी एक प्रेरक कार्य किया है। उनके इस कृत्य के लिये बहुत बहुत अनुमोदना
राजेश जैन, सचिव

## THA Ghaziabad Unit: 01.10.2024

अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा के कार्यकारी अध्यक्ष श्री अभिषेक जैन जी द्वारा कोटक बैंक में जैन महिला (दृष्टि जैन) की नौकरी लगवाई है । उनके इस प्रयास की सराहना करते है एवं हृदय से उनका आभार व्यक्त करते हैं। हम दृष्टि जैन को अपनी शाखा का सदस्य भी बनाएंगे।

## Gurgaon Unit: 18.09.2024

Sh. S.K.Jain DGM BOB facilitated the Housing loan of Rs. 97 lakhs in the name of Mr. Kanik jain, Satish and Kavita Jain R/O New Railway Road, Gurugram from Bank of Baroda, Sec-7 Branch, Gurugram. यह केस 2 महीने से अधिक से लटका हुआ था। और कोई ना कोई कमी निकाली जा रही थी। श्री एस के जैन जी के प्रयास से यह तुरंत स्वीकृत हो गया। श्री एस के जैन जी इसके लिए बधाई और धन्यवाद के पात्र है।

## Gurgaon Unit: 12.09.2024

यूनिट के सदस्यों द्वारा दिनांक 27/08/2024 को स्थानीय वैदिक कन्या उच्च विद्यालय में विद्यार्थियों की करियर काउंसलिंग व अन्य कार्यक्रम से प्रभावित हो कर श्री आर सी जैन ने तीन कन्याएं गोद ले कर उसकी पूरे वर्ष की फीस के लिए रु.21,000/- स्कूल को दिए । श्री आर सी जैन जी रिटायर्ड ए जी एम बैंक ऑफ़ इंडिया है और पिछले वर्ष में वह रु 3300 झाड़सा जैन मंदिर के मालि की एक 12वीं क्लास की बच्ची को JEE की तैयारी के लिए किताबें खरीदने के लिए दे चुके हैं। उनके इस कार्य की पूरा फोरम अनुमोदना करता है।

राजेश जैन, सचिव

## THA Ghaziabad Unit: 10.09.2024

वैशाली क्षेत्र के जैन परिवारों के दो सदस्यों के बचत खाता बैंक ऑफ़ बरोदा की एटा शाखा में थे परंतु पिछले 6-7 सालों से उन खातों का कोई पता नहीं चल पा रहा था वह अपना खाता वैशाली ट्रांसफर करना चाह रहे थे परंतु ट्रांसफर नहीं हो रहा पा रहा था। हमारी ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा की बैंक ऑफ़ बड़ौदा की अधिकारी श्रीमती आरूषी जैन के प्रयासों से यह दोनों खाते एटा से ट्रांसफर होकर वैशाली शाखा में आ चुके हैं। इस दिशा में श्रीमती आरूषी जैन द्वारा किए गए प्रयासों की हम सराहना करते हैं एवं उनका आभार व्यक्त करते हैं।

## Gurgaon Unit: 28.08.2024

यह हमारे लिए प्रशन्नता और उल्लास का क्षण है कि फोरम के तत्वाधान में दिनाँक 01 जुलाई 2023 से निर्बाध चल रही प्रश्नावली प्रतियोगिता का 28 वाँ क्रम 16 अगस्त 24 को आयोजित हुआ जिसमें फोरम के 16 सदस्यों ने भाग लेकर जिनवाणी माँ के प्रति श्रद्धा अर्पित की। जिसके परिणाम 24 अगस्त को घोषित हुए। बहुत हर्ष और गर्व की बात है सभी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। फोरम ने उनके धार्मिक उन्माद की अनुमोदना करते हुए सभी को डिजिटल प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया तथा सभी उज्वल भविष्य की कामना की।

राजेश जैन, सचिव

## Gurgaon Unit: 22.08.2024

श्रीमती प्रतिभा जैन चीफ मैनेजर यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया पुत्री श्री पुष्पी चंद जैन रिटायर्ड मैनेजर सेंट्रल बैंक गुड़गांव के विरुद्ध एक डिसीप्लिनरी कैस, उनकी शाखा में हुए फ्रॉड से संबंधित, पिछले 5 साल से चल रहा था। इस केस में एक्सप्लेनेशन एवं चार्ज सीट का रिप्लाई श्री आर सी लोढ़ा जी के सानिध्य एवं मार्गदर्शन में दिया जा रहा था। श्री लोढ़ा जी के मार्गदर्शन एवं प्रयास से यह कैस 14 अगस्त 2024 को समाप्त हो गया है। श्रीमती प्रतिभा जैन को बैंक ने इस केस में बरी कर दिया है। हम श्री लोढ़ा जी का बहुत-बहुत धन्यवाद करते हैं।

राजेश जैन, सचिव

## Gurgaon Unit: 10.08.2024

गुड़गांव यूनिट द्वारा श्री अंशु जैन नई कॉलोनी गुड़गांव निवासी को केनरा बैंक से 20 लाख का व्यवसायिक ऋण दिलवाने में सहायता की गई। इस कार्य में सोम प्रकाश जैन संरक्षक का विशेष योगदान रहा।

राजेश जैन, सचिव

## ABJBF Central Unit: 07.07.2024

उज्जैन में एक जैन परिवार के सदस्य का अपॉइंटमेंट पंजाब नेशनल बैंक में स्पेशलिस्ट ऑफिसर के रूप में हुआ था एवं वह अपनी पोस्टिंग के लिए बहुत चिंतित था क्योंकि ऑफिसर के पद पर नियुक्ति होने पर गृह क्षेत्र मिलना लगभग असंभव होता है परंतु श्री पुनीत जैन जी महाप्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक के सक्रिय सहयोग के कारण उनकी फाइनल पोस्टिंग उज्जैन स्थानीय क्षेत्र में ही हो गई यह सब श्री पुनीत जैन जी के सक्रिय सहयोग के कारण ही संभव हो पाया जिसके लिए हम अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम की ओर से उनका हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। हमें प्रसन्नता है कि हमारे वरिष्ठतम अधिकारी इस अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की स्थापना एवं आचार्य श्री ज्ञान सागर जी महाराज के स्वप्न को पूरा करने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। पुन: श्री पुनीत जैन जी का बहुत-बहुत आभार।

जेके जैन — सोमप्रकाश जैन

राष्ट्रीय अध्यक्ष — राष्ट्रीय महासचिव

## ABJBF Central Unit: 27.06.2024

ट्रांस हिंडन गाजियाबाद जैन समाज के सदस्य श्री सचिन जैन के द्वारा आईपीओ में शेयर अप्लाई किए गए थे जिसके लिए उनके खाते से वह राशि डेबिट हो गई परंतु डीमैट खाते में संबंधित शेयर ट्रांसफर नहीं हो पाए जिसके लिए श्री

सुखसागर जैन जी रिटायर्ड AGM एसबीआई की सक्रिय सहभागिता, सहयोग एवं इस केस को सुलझाने में हमारी ट्रांस हिंडन शाखा के सदस्य एवं यूनियन बैंक के शाखा प्रबंधक श्री अंकुर जैन द्वारा दिए गए सहयोग के लिए हम श्री सुखसागर जी जैन एवं श्री अंकुर जैन जी का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। जब से ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा द्वारा सभी मंदिरों में जैन समाज के सदस्यों की बैंकिंग संबंधी समस्या के निवारण हेतु एक पोस्टर लगाया है तभी से ट्रांस हिंडन गाजियाबाद के विभिन्न भागों के जैन समाज के सदस्यों से निरंतर उन्हें बैंकिंग समस्याएं प्राप्त हो रही है एवं हमारी ट्रांस हिंडन शाखा के सदस्यों विशेष रूप से श्री सुखसागर जी जैन एवं अंकुर जैन जी द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया जा रहा है जिसके लिए हम उन सभी सदस्यों का जिन्होंने आगे बढ़कर इन समस्याओं को समाधान करने में अपना सहयोग प्रदान किया है उन सभी सदस्यों का हृदय से आभार को व्यक्त करते हैं। निश्चित ही इन सभी से जैन बैंकर फोरम की स्थापना का उद्देश्य एवं आचार्य श्री ज्ञान सागर जी महाराज की भावनाओं को आगे बढ़ाने में हम सफल हो पा रहे हैं।

जेके जैन — सोमप्रकाश जैन

राष्ट्रीय अध्यक्ष — राष्ट्रीय महासचिव

## ABJBF Central Unit: 24.06.2024

श्री श्रेयांश कुमार जैन जी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के बेटे ने SBI Credit Card बिल का भुगतान किया था परन्तु कुछ गलती के कारण वह पैसा क्रेडिट कार्ड मे जमा नही हो पाया एवं सारा पैसा South Indian Bank & State Bank of Indiaके बीच फंसा रहा ।काफी प्रयासो के पश्चात लगभग 17 दिन बाद श्री सुख सागर जैनAGM S.B.I. राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं ट्रांस हिंडन शाखा के सदस्य के सक्रिय सहयोग के कारण यह पैसा वापस प्राप्त करने में सफल हो पाए। हम हृदय से श्री सुखसागर जी जैन का धन्यवाद एवं हार्दिक आभार व्यक्त करते है। बैंकिंग साथियों के लिए श्री सुखसागर जी किसी भी समस्या का समाधान करने में सदैव तत्पर रहते हैं ऐसे अनेकों कार्य हैं जो उनके द्वारा पूर्व में भी कराए जा चुके हैं। उनका पुन: बहुत- बहुत आभार।

जेके जैन

राष्ट्रीय अध्यक्ष

## ABJBF Central Unit: 25.05.2024

हमें सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा की सदस्या श्रीमती रिचा जैन जो की स्टेट बैंक की दनकौर शाखा में पोस्टेड थी और काफी परेशान थी उनका ट्रांसफर श्री सुखसागर जी जैन रिटायर्ड सहायक महाप्रबंधक स्टेट बैंक के सहयोग से दनकौर से नोएडा करा पाने में सफल हो पाए। इसके लिए हम श्री सुखसागर जी जैन का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। ऐसे ही वरिष्ठ अधिकारियों के प्रयासों' से हम अपने बैंक के शाखाओं के कर्मचारी एवं अधिकारियों का उनके संकट के समय उनका सहयोग कर पाने में सफल हो पाते हैं। पुन: बहुत-बहुत आभार।

जेके जैन — सोम प्रकाश जैन

राष्ट्रीय अध्यक्ष — राष्ट्रीय महासचिव

## ABJBF Central Unit: 18.05.2024

हमें अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा के एक सदस्य की ओर से जिनकी भांजी जो कि इंदौर में एमबीए कर रही है एवं उसे बैंकिंग क्षेत्र में 6 माह की इंटर्नशिप करनी थी। हमें सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि आदरणीय श्री मदन जैन जी जो भारतीय स्टेट बैंक की ऑफिसर्स यूनियन के भोपाल सर्किल के अध्यक्ष पद से रिटायर हुए हैं उनके अथक प्रयासों से उस बच्ची का इंटरव्यू होने के बाद भारतीय स्टेट बैंक की इंदौर की किसी शाखा में ज्वाइन करने का लेटर प्राप्त हो चुका है। यह सब श्री मदन जैन जी जैसे व्यक्तित्व के कारण ही संभव हो पाया है जिसके लिए हम अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की ओर से उनका हृदय के अंतिम छोर से आभार व्यक्त करते हैं एवं धन्यवाद देते हैं कि हम समाज के किसी बच्ची का कार्य कर पानी में सहायक सिद्ध हुए। पुन: बहुत-बहुत आभार श्री मदन जैन जी।

जेके जैन, राष्ट्रीय अध्यक्ष — सोम प्रकाश जैन, राष्ट्रीय महासचिव

## THA Ghaziabad Unit: 03.02.2024

हमें गुरुग्राम शाखा से श्री पवन कुमार जैन जी की माता जी का डिजीज कैस जिसका PNB से भुगतान वह पिछले 4 महीने से करा नहीं पा रहे थे। उसका भुगतान हम श्री विमल कांत जैन शाखा सदस्य एवं राष्ट्रीय तकनीकी मंत्री एवं श्री सुधीर कुमार जैन जी कोषाध्यक्ष मेरठ शाखा के सहयोग से करा पाने में सफल रहे। इसके लिए हम श्री विमल कांत जैन एवं श्री सुधीर कुमार जैन जी का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| विशाल चंद जैन | अभिषेक जैन | अंकित जैन | निर्मल कुमार जैन |
| अध्यक्ष | कार्यकारी अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |

## THA Ghaziabad Unit: 15.01.2024

हमें सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि हमारी अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा के सदस्यों के प्रयासो से निम्न बैंकिंग संबंधित समस्याओं का समाधान जो हमारी शाखा को प्राप्त हुई कराया गया :

श्रीमती विनीता जैन हल्द्वानी आइसीआइसीआइ बैंक के डेबिट कार्ड से संबंधित समस्या का समाधान सितंबर -2023 मैं श्री विकास जैन जो आईसीआई बैंक में शाखा प्रबंधक के माध्यम से समाधान कराया गया
हमारे द्वारा ऋषभ विहार में आयोजित बैंकिंग संगोष्ठी के दौरान श्री पीके जैन ऋषभ विहार दिल्ली का 2005 से संबंधित एफडीआर के भुगतान से संबंधित समस्या का समाधान श्री एस के जैन AGM एसबीआई गाजियाबाद के माध्यम से कराया गया
इसी संगोष्ठी के माध्यम से श्री शरद जैन के द्वारा एक हाउसिंग लोन से संबंधित समस्या हमारे सामने आई जिसका समाधान श्री सुखसागर जैन AGM, एसबीआई के माध्यम से कराया गया।
श्री तरुण जैन द्वारा बैंक ऑफ़ बड़ौदा के गलत खाते में पैसा ट्रांसफर करने पर श्रीमती आरूषी जैन अधिकारी बैंक ऑफ़ बरोदा के सहयोग से समाधान कराया गया।

| | | | |
|---|---|---|---|
| विशाल चंद जैन | अभिषेक जैन | अंकित जैन | निर्मल कुमार जैन |
| अध्यक्ष | कार्यकारी अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |

**ABJBF Central Unit: 12.05.23**

एक जैन बच्ची आंचल जैन जिसकी यूनियन बैंक में नियुक्ति हमारे संरक्षक श्री आरसी लोढ़ा जी के प्रयासों से लगभग 2 वर्ष पूर्व हुआ था मुंबई मैं हुई थी। नियुक्त के उपरांत से ही हम उसके दिल्ली ट्रांसफर के लिए प्रयासरत थे। श्री अशोक कुमार जी जैन रिटायर्ड महाप्रबंधक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के निरंतर प्रयासों के कारण आज उसके ट्रांसफर आर्डर दिल्ली के लिए आ गए हैं। हम अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की ओर से श्री आरसी लोढ़ा जी एवं श्री अशोक कुमार जी जैन रिटायर्ड जीएम का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं कि उनके प्रयास सफल हुए। पुन: हृदय से आभार।

जेके जैन सोम प्रकाश जैन
राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय महासचिव

**Ghaziabad Unit:02.10.2022**

We are pleased to inform you that Ghaziabad unit has assisted one girl student for a educational loan for Rs. 16 lac from BOB. We appreciate the initiative of Sh. Hans Kumar Jain, Ex. Chief manager BOB in this process. We're thankful to our unit members for their active part in the unit activities.

S. K. Jain, President V. K. Jain Secretary

**ABJBF Central Unit: 23.09.22**

हम हृदय से आभार व्यक्त करते हैं श्री विजेंद्र जैन जी सीनियर वाइस प्रेसिडेंट रिटायर्ड एचडीएफसी बैंक जिनके प्रयासों से ट्रांस हिंडन गाजियाबाद में कार्यरत जैन व्यवसायियों की एक कंपनी को बहुत ही कम ब्याज दर पर Rs.55 लाख रुपए की सीसी लिमिट एवं Rs.20 लाख रुपए का कार लोन जुलाई 2022 में स्वीकृत कराने में उन्होंने अपना भरपूर सहयोग प्रदान किया। हम उनका इस सहयोग के लिए केंद्रीय कार्यकारिणी की ओर से पुनः हृदय से आभार व्यक्त करते हैं।

@@@

We received a query from one of the Jain resident of Kaushambi, Ghaziabad who participated in Banking Sangosthi arranged by our Trans Hindan Ghaziabad Unit regarding settlement of deceased case of Central Bank. In this case certain technical problems were there. But with the help & intervention of Shri V.K.Jain, Secretary Ghaziabad unit who has retired from Central Bank, this deceased could finally settled & balance amount credited to the account of deceased a/c holder's wife. We convey our sincere thanks to Shri V. K. Jainji for his intervention & help.

J. K. Jain
General Secretary
30.09.20

@@@

We had received a query through our Trans Hindan Ghaziabad unit related to partly release of limit of a sanctioned Loan of Rs.75.0 lacs in the name of a Handlooms unit at Khekra Distt. Baghpat. This loan was sanctioned against collateral of two Properties. One is a Flat in Proprietor name & the other is an ancestral property of which he is having a WILL in his favour. As equitable mortgage of ancestral property could only be created after obtaining of a probate in his favour from competent court which would take 3 to 4 months. Party requested to release part limit as security of other property is available but the branch was not ready to release of limit till equitable mortgage is created.

Accordingly, we took up the matter with one Senior Jain Officer of PNB posted at Meerut. We are pleased to advise that with the help of that senior officer we could able to get release of part limit of Rs. 25.00 lacs for the time being. We convey our sincere heartfelt thanks to him & also to Shri Umesh Jainji Retired GM from PNB who suggested his name.

Thanks a lot again sir to both of you.

Here I would like to mention that we are receiving so many queries from Jain Businessmen & personnel of Jain Communities for resolving their different type of banking related problems. We are able to resolve most of these problems by open hearted support of Jain Senior Officials. Our heartfelt thanks to all of them & hopeful that your continuous support would be available to us in future also.

J. K. Jain, General Secretary
30.09.2020

@@@

कुमारी दिव्या जैन वैशाली गाजियाबाद से जिसके द्वारा UPPCS की लिखित परीक्षा पास की गई थी एवं इंटरव्यू के लिए सहयोग करने हेतु हमें उसका आवेदन प्राप्त हुआ था मुझे बताते हुए प्रसन्नता है कि श्री आरसी लोढ़ा जी जो हमारे केंद्रीय संरक्षक है, का इंटरव्यू के लिए सहयोग उस बच्ची को प्राप्त हुआ । मुझे बताते हुए प्रसन्नता है कि दिव्या जैन का सलेक्शन पीसीएस में हो गया है एवं उसे डिस्ट्रिक्ट ऑडिट ऑफिसर के पद पर नियुक्त किया गया है। हम श्री आरसी लोढ़ा जी का ह्रदय से आभार व्यक्त करते हैं कि उनके द्वारा प्रदान किया गया मार्गदर्शन उसकी सफलता में सहायक बन सका इसके लिए पुन: उनका बहुत-बहुत हार्दिक आभार ।

जेके जैन
महासचिव
11.09.2020

@@@

हमें यह बताते हुए गौरव का अनुभव हो रहा है कि अभिषेक जैन जो बड़ौत के रहने वाले है एवं हंसराज कॉलेज दिल्ली में बीएससी ऑनर्स की पढ़ाई कर रहे थे को हमने लगातार 5 वर्षों तक तीर्थंकर आदिनाथ एजुकेशनल ट्रस्ट के माध्यम से पढ़ाई हेतु आर्थिक सहायता प्रदान की। इस बच्चे के द्वारा हंसराज कॉलेज में पढ़ाई पूरी करने के बाद इसका डायरेक्ट सिलेक्शन आईआईटी मंडी (हिमाचल प्रदेश) में हुआ जहां से इसने एमएससी केमिस्ट्री में पास किया। और वही से उसे BY JU'S कंपनी में सीधे प्लेसमेंट प्राप्त हुआ।

साथ ही उसकी बहन गीतांजली जोकि बी फार्मा की पढ़ाई कर रही थी उसे भी हमारे ट्रस्ट द्वारा लगातार 4 वर्षों तक आर्थिक सहायता प्रदान की उसके बाद में डाइटिशियन का कोर्स करके आज उसका सिलेक्शन फोर्टिस हॉस्पिटल में डाइटिशियन के पद पर हो चुका है। हमें गर्व है कि हमारे ट्रस्ट के द्वारा आर्थिक सहायता प्राप्त बच्चे इस प्रकार के उपलब्धियां प्राप्त कर रहे हैं इसके लिए मैं ट्रस्ट के सभी सदस्यों को उनके द्वारा दिए गए सहयोग के लिए एवं जैन बैंकर फोरम के उन सदस्यों का जिनके द्वारा ट्रस्ट को इस महामारी के समय आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान करता हूं एवं उन बच्चों को इस सफलता के लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं ।

जेके जैन

महासचिव

11.09.20

@@@

Shri Ajit Jain, CM at Bank of Baroda belongs to NCR Delhi & was posted at Harda (MP) has since been transferred to Delhi at the request of Shri S. P. Jain, Rashtriya Senior Vice President & by very concerted efforts of one of our very Jain Senior Officer.

Our heartfelt thanks to both of them & badhai to Shri Ajit Jainji.

J. K. Jain

Mahasachiv

10.09.20

@@@

One Jain girl who had passed written test of Specialist Officer in a bank, but was afraid with interview. She was not able to make her mind whether to join interview or not. She contacted us for counselling & for help in interview. One of our very Senior Banker counselled & helped her for interview. Today we have been advised by the girl that she has been finally selected in Bank as Specialist Officer. This is a great achievement for her. We convey our sincere thanks & salute to our very Senior Banker for helping her in fulfilling her dreams. Thanks a lot again & best wishes to the girl for her bright future.

J. K. Jain

General Secretary

20.05.20